नैतिक मूल्य व कड़ी मेहनत जिंदगी को खूबसूरत बनाते हैं : गोसावी

लोकमत समाचार सेवा

देगलूर : श्रमदान से न केवल स्वच्छता बल्कि व्यक्ति का अहंकार भी नष्ट होता है. हाल के समय में छात्रों के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्य, कड़ी मेहनत, लक्ष्य-उन्मुखता, दृढ़ संकल्प, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के गुणों को विकसित करना आवश्यक है. यह बात उप विभागीय पुलिस अधिकारी संकेत गोसावी ने कही.

देगलूर तहसील के येरगी में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपविभागीय पुलिस अधिकारी संकेत गोसावी.

देगलूर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग और स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में येरगी में विशेष शिविर आयोजित किया गया. यह शिविर नौ जनवरी तक चलेगा. शिविर में संबोधित करते हुए गोसावी ने व्यक्तित्व विकास का उदाहरण देते हुए कहा कि मूर्ति बनाते समय जो पत्थर लगातार घाव सहता है, वह समय के साथ भगवान की मूर्ति बन जाता है और लोग आस्था के साथ उसकी पूजा करते हैं. किंतु जो पत्थर घाव नहीं सहता, वह नारियल तोड़ने का पत्थर बनकर रह जाता है. इसलिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी चाहिए और लगातार पढ़ाई करनी चाहिए. साथ ही किसी भी काम को करने के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि कड़ी मेहनत से जीवन सुंदर हो जाता है.

शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता आढ़त व्यापारी शिक्षा संस्था के उपाध्यक्ष जनार्दन चिदावार ने की. प्रमुख अतिथि के रूप में कार्यकारी मंडल के सदस्य देवेंद्र मोतेवार, संतोष पाटील, उपप्राचार्य अनिल चिद्रावार, एमए पटेल, वीजी शेरीकर, संग्राम पाटील, कार्यक्रम अधिकारी संजय देबड़े सहित अन्य उपस्थित थे.

Scanned with OKEN Scanner